# टोल बूथ पर मारपीट व तोड़फोड़ करने के मामले में पांच गिरफ्तार

## एक महीने पहले रघुनाथपुरा टोल बूथ पर बदमाशों ने तोड़फोड़ और मारपीट की थी

**सूरजगढ़, (निसं)।** करीब एक महीने पहले थाना इलाके की चिड़ावा रोड पर रघुनाथपुरा टोल बूथ पर आधा दर्जन से अधिक गाडियों में सवार होकर आए बदमाशों द्वारा की गई तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में 10 हजार के इनामी बदमाश समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शेष के लिए लगातार टीमें दबिशें दे रही है।

एसएचओ सुखदेव सिंह ने बताया कि छह अक्टूबर को टोलकर्मी सीकर निवासी भानूप्रताप राजपूत ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि छह अक्टूबर को ही दोपहर को 12 बजे के करीब स्वामी सेही निवासी जयप्रकाश उर्फ जेपी, प्रीतम, लाखू के पास ढाणी निवासी अजय बन्ना, चिड़ावा निवासी जैकी, अगवाना निवासी नागराज राजपूत, पिचानवासी निवासी राकेश गुर्जर आधा दर्जन से अधिक पिकअप, बोलेरो और कैंपर गाड़ियों में सवार होकर आए, जिन्होंने टोलकर्मियों से मारपीट की, जान से मारने की नियत से गाड़ियां दौड़ाई और तोड़फोड़ की। इस मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जिसमें उन्होंने 10 हजार के इनामी फरार बदमाश स्वामी सेही निवासी प्रीतम कुमार उर्फ ढिल्लू पुत्र विनोद कुमार जाट (23) तथा उसके चार साथी बलौदा निवासी दीपेंद्र सिंह उर्फ हुड्डा पुत्र दलीप सिंह राजपूत (20), एसबीआई बैंक के पास चिड़ावा निवासी जय सिंह उर्फ जैकी पुत्र राजेश धानक (26), अगवाना खुर्द निवासी नागेश उर्फ नागराज पुत्र हजारी सिंह राजपूत (26), जैतसीसरिया चूरू हाल अडूका निवासी अजय सिंह उर्फ अज्जू बन्ना पुत्र उम्मेद सिंह राजपूत (27) को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश में टीमें लगी हुई है।



टोल बूथ पर तोड़फोड़ और मारपीट के मामले में पुलिस ने 10 हजार के इनामी बदमाश समेत पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया।

- पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच में से तीन आरोपियों का पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड रहा है

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच में से तीन आरोपियों का पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस जानकारी के अनुसार नागेश उर्फ नागराज के खिलाफ सूरजगढ़ व सिंघाना थाने में आधा दर्जन मामले शराब तस्करी, पोक्सो एक्ट आदि की धाराओं में दर्ज है। वहीं इनामी बदमाश प्रीतम उर्फ ढिल्लू के खिलाफ भी पांच मामले मंड्रेला, सूरजगढ़ व हमीरवास चूरू थाने में मारपीट व हत्या की कोशिश धाराओं में दर्ज है। वहीं दीपेंद्रसिंह उर्फ हुड्डा के खिलाफ भी सूरजगढ़ थाने में हत्या की कोशिश करने का मामला दर्ज है। वारदात के बाद से सूरजगढ़ पुलिस आरोपितों की तलाश में लगातार दबिशें दे रही थी। जिसके बाद कांस्टेबल अमित कुमार के पास आए एक इनपुट से जब एसएचओ सुखदेव सिंह ने चैन जोड़ी तो पांच आरोपियों को धर दबोचा। कार्रवाई करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल भीमकौर, कांस्टेबल राजेश, प्रवीण कुमार तथा अमित कुमार शामिल थे।

इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। जिसमें बदमाशों ने आधा दर्जन गाड़ियों में सवार होकर टोल बूथ पर काफी देर तक हंगामा मचाया था। एक बाइक समेत कई शीशे फोड़े। टोल का बैरियर भी तोड़ा और फिल्मी अंदाज में गाड़ियां दौड़ाते हुए टोलकर्मियों पर गाडी चढ़ाने की भी कोशिश की थी। घटना के बाद से ही पुलिस की टीमें आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई थी।

# दिव्या मदेरणा ने हनुमान बेनीवाल पर निशाना साधा

## मुझे हराने वालों की खींवसर में हालत टाइट : दिव्या

**जोधपुर, (कासं)।** पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के नेता हनुमान बेनीवाल के खिलाफ उपचुनाव में मोर्चा खोल दिया है। दिव्या मदेरणा ने कहा कि मुझे चुनाव हराने वालों की आज क्या स्थिति है? हालत टाइट हो रखी है। रात को चार-चार बजे लोगों के घर जाकर पांव पकड़ने पड़ रहे हैं। किसान पट्टी ने खींवसर को वोट देने से इनकार कर दिया है। सब कह रहे हैं कि हमारी बेटी को गालियां दी हैं। दिव्या मदेरणा लोहावट क्षेत्र के दौरे पर थी, जहां उन्होंने एक सभा में सांसद हनुमान बेनीवाल पर निशाना साधा।

दिव्या मदेरणा ने नाम लिए बगैर कहा कि खींवसर से आते थे सभा करने के लिए, दिव्या को चुनाव में हरा दूंगा।

- हनुमान बेनीवाल ने इस बार अपनी पत्नी कनिका बेनीवाल को उतारा है

खुद की क्या हालात हुई? सिर्फ 1800-2000 वोटों से जीते थे। अब क्या स्थिति है? दिव्या मदेरणा ने कहा कि मेरे दादाजी और पिताजी ने कभी किसी को हराने की बात नहीं कही। मुझे हराने से नुकसान जनता का ही हुआ है। मुझे चारों तरफ घेरने का काम किया। मैं भी समाज की बेटी हूं। राजनीति में स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं कर सकती।

**खींवसर में इस बार तीनों जाट प्रत्याशी :-** खींवसर विधानसभा के उपचुनाव में इस बार भाजपा, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तीनों से ही दिग्गज जाट मैदान में हैं। इससे पहले हमेशा यहां से एक राजपूत उम्मीदवार होता है। कोई पार्टी टिकट नहीं देती तो निर्दलीय राजपूत चुनाव लड़ता रहा है, जिसका सीधा फायदा हनुमान बेनीवाल की पार्टी को मिला है, लेकिन इस बार हालात बदल गए। चुनाव लड़ने वाले सवाई सिंह ने भाजपा ज्वॉइन कर ली। इससे बेनीवाल की परेशानी बढ़ गई है। बेनीवाल ने इस बार अपनी पत्नी कनिका बेनीवाल को उतारा है। भाजपा से रेवंतराम डांगा दोबारा मैदान में तो कांग्रेस ने भी इस बार महिला प्रत्याशी के रूप में रतन चौधरी को उतारा है। इससे उपचुनाव का मुकाबला रोचक हो गया है।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**मनोहरपुर, (निसं)।** थाना क्षेत्र के खोजावाला मोड़ के पास एक हरियाणा रोडवेज बस ने बाइक सवार दो लोगों को पीछे से टक्कर मार कर दी जिससे दोनों ही जने गंभीर घायल हो गए। जिन्हें निम्स चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान एक की मौत हो गई।

हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि छपरा निवासी प्रकाश चंद्र कुमार पुत्र श्रवण लाल और मिट्ठू लाल पुत्र श्रवण लाल स्कूटी से कुंबावास गांव जा रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि बस ओवरटेक करते व तीव्र गति से आगे निकल रही थी। इस दौरान खोजावाला मोड़ के पास बस ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए निम्स अस्पताल ले जाया गया जहां पर प्रकाश कुम्हार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# सूने मकान में चोरी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीमगंज थाना क्षेत्र की नेहरू विहार कॉलोनी में दीपावली की रात सूने मकान को निशान बनाते हुए अज्ञात चोर ने नकदी और दो गैस सिलेंडर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कोचिंग सेंटर चलाने वाले संजय सेन के नेहरू विहार स्थित मकान में दीपावली की देर रात नकाबपोश चोर घुस आया और घर से हजारों की नगदी चोरी करने के साथ ही गैस के दो सिलेंडर भी चोरी कर ले गया।

# झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र ओला का बयान चर्चाओं में

**झुंझुनूं, (निसं)।** झुंझुनूं उप चुनाव की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे बयानबाजी का पारा भी बढ़ता जा रहा है। अब एक बार फिर सांसद बृजेंद्र ओला ने अपने भाषण में कहा है कि वे उप चुनावों नहीं लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें जबरदस्ती टिकट दिया। जैसे लोकसभा चुनावों में दिया था।

झुंझुनूं शहर के मंड्रेला रोड पर वार्ड नंबर 54, 55 व 56 नंबर वार्ड की नुक्कड़ बैठक को संबोधित करते हुए सांसद बृजेंद्र ओला ने कहा कि लोकसभा चुनावों में बड़े बड़े लोग चुनाव लड़ने से कतरा रहे थे। राजस्थान में तो कांग्रेस की टिकट तक वापिस कर दी। फिर भी उन्होंने पार्टी के आदेश पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीता। यही हाल विधानसभा उप चुनावों को लेकर था। अपने भाषण में बृजेंद्र ओला ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी को उप चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। वहीं नहीं चाहते थे वे उप चुनाव लड़े। उन्होंने पार्टी को यहां तक कहा कि किसी भी अन्य कार्यकर्ता को टिकट दे दो, लेकिन पार्टी ने उन्हें कहा कि दूसरे किसी को भी टिकट दे दी तो जमानत जब्त हो जाएगी। इसलिए हम उप चुनाव के मैदान में हैं। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव या फिर साधारण चुनाव होता तो विरोधी टिकते ही नहीं। यह उप चुनाव है और सरकार चुनाव लड़ रही है। सांसद बृजेंद्र ओला के इस भाषण को राजनैतिक विश्लेषक अपने अपने हिसाब से ले रहे है। बृजेंद्र ओला का जो भाषण वायरल हो रहा है।



सांसद बृजेंद्र ओला ने झुंझुनूं शहर में नुक्कड़ बैठक को संबोधित किया।

- सांसद बृजेंद्र ओला ने अपने भाषण में कहा है कि वे उप चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने उन्हें जबरदस्ती टिकट दिया
- पार्टी ने उन्हें कहा कि दूसरे किसी को भी टिकट दे दी तो जमानत जब्त हो जाएगी, इसलिए हम उप चुनाव के मैदान में हैं : ओला

मामले में मदरसा बोर्ड के चेयरमैन व कांग्रेस नेता एमडी चोपदार ने कहा है कि ओला का बयान पार्टी, कार्यकर्ताओं और खासकर मुस्लिम समुदाय का अपमान है। उन्होंने कहा कि ओला तो अपने पुत्र अमित के लिए बार-बार टिकट मांग रहे थे। जयपुर में भी मिटिंगों में जाते थे तो टिकट की घोषणा जल्दी करने की बात करते थे। इसलिए ऐसा बयान देना पार्टी का अपमान है। कांग्रेस इतनी सस्ती भी नहीं है कि जबरदस्ती टिकट दे दें। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद अब विधानसभा उप चुनाव में यह बयान काफी निंदनीय है। उप चुनाव में मुस्लिम बिरादरी टिकट मांग रही थी। ऐसे में यह बयान मुस्लिम बिरादरी के कटे पर नमक छिड़कने जैसा है। कांग्रेस 36 बिरादरी की पार्टी है। ऐसे बयानों के अपने के बाद प्रदेश नेतृत्व व पार्टी आलाकमान को सोचना चाहिए।

# 'मगराज जैन ने गुणवत्तापूर्ण और निःस्वार्थ परिवर्तन कार्य किये थे'

**जयपुर।** सोसायटी टू अपलिफ्ट रूरल इकोनॉमी बाड़मेर की और से सोमवार को श्री सत्य साईं अंध एवं मूक बधिर विद्यालय बाड़मेर में पद्मश्री मगराज जैन की दसवीं पुण्यतिथि पर मूल्य आधारित सामाजिक विकास कार्यों के समक्ष चुनौतियों विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं गांधीवादी विचारक बिनोय आचार्य ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि समाज, बाजार और संस्थायें जब अपने स्वधर्म को पहचानना और उसको अपनाना छोड़ देती है, तब सामाजिक विकास के कार्यों के संकट सामने आने शुरू हो जाते हैं। स्वधर्म के छूटते ही सामाजिक विकास कार्यों में मूल्य एवं सिद्धांत छूटते जाते हैं जिससे सामाजिक विकास के कार्यों का आधार कमजोर होता जाता है। आचार्य ने कहा कि रेगिस्तान के इलाके में पद्मश्री मगराज जैन ने अस्सी वर्ष पूर्व सामाजिक विकास के कार्यो की यात्रा शुरू की थी उसके मूल में सामाजिक न्याय, गुणवत्तापूर्ण कार्य और निःस्वार्थ परिवर्तन कार्य और मानवता थी जिसके कारण उनके समक्ष आने वाली चुनौतियों का वो संसाधनों के अभाव में भी हमेशा मुकाबला करते रहे। जिसके कारण सीमावर्ती क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण, पशुपालन, कृषि, हस्तशिल्प, युवाओं के रोजगार, अकाल राहत कार्य, थारपारकर नस्ल संरक्षण संवर्द्धन एवं शुष्क कृषि, वैकल्पिक चिकित्सा एवं जन संगठन के कार्यों से अनवरत रूप से इलाके में ताज़िन्दगी लगे रहे। उनके कार्य देश के लिए मिसाल बन गए। सामाजिक न्याय के उनके कार्य देश के सामाजिक संगठनों के लोगों को आज भी रास्ता दिखाये हैं।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की संयुक्त सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक लता कच्छवाहा ने पद्मश्री मगराज जैन स्मृति समारोह एवं व्याख्यान माला की जानकारी दी। संस्था के सदस्य एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी छगनलाल गोयल ने पद्मश्री मगराज जैन के कार्यों को महात्मा गांधी के रचनात्मक कार्यों से जोड़ते हुए उन्हें सत्य और नैतिकता के राह पर चलने वाला राही बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद डॉ. बी.डी. तातेड़ ने कहा कि पद्मश्री जैन ने तीन पीढ़ियों के साथ एक साथ काम किया है। जो उनके मूल्यों और दूरदृष्टि को बताता है कि कैसे हर वर्ग को जोड़कर सामूहिकता के साथ विकास और बदलाव की मुहीम को तेज़ किया जा सकता है। पद्मश्री जैन का कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए शोध का विषय रहेगा। बिनोय आचार्य को पद्मश्री मगराज जैन सम्मान 2024 से आन्नदराज जैन संस्था सचिव द्वारा नवाजा गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष नरेंद्र तनसुखानी ने सभी का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम में संस्था सचिव आनंद राज जैन ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मुकेश पचोरी द्वारा किया गया। पद्मश्री जैन की स्मृति में विद्यालय परिसर में अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।




सोसायटी टू अपलिफ्ट रूरल इकोनॉमी बाड़मेर की और से पद्मश्री मगराज जैन की पुण्यतिथि पर व्याख्यान आयोजित हुआ।

- पद्मश्री मगराज जैन की पुण्यतिथि पर व्याख्यान का आयोजन

# युवाओं के साथ किसी प्रकार की नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं होगी : दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देवली-उनियारा वि.स. प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में चुनावी सभा की



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**टोंक, (निसं)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को टोंक में देवली-उनियारा क्षेत्र में उपचुनाव को लेकर दौरा किया। इस दौरान टोंक भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

देवली-उनियारा विधानसभा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर के समर्थन में दूनी मे चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पांच साल में राज्य की सड़कें टूटी हुई थी, राज्य की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब बन गई थी तथा उनके राज में महिलायें सुरक्षित नहीं थी, पेपर लीक जैसी घटनायें उत्पन्न हो गई थी। जब से हमारी सरकार आई है तब से पेपर लीक करने वालो का गिरफ्तार किया तथा आगे भी युवाओं के साथ किसी प्रकार की नाइंसाफी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस दौरान कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने भाजपा का हाथ थामा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी कांग्रेस से आये नेताओं को दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया तथा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाकर उन्हें बधाई दी।

- उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने टोंक में देवली-उनियारा क्षैत्र में उपचुनाव को लेकर दौरा किया
- कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने भाजपा का हाथ थामा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सभी कांग्रेस से आये नेताओं को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया तथा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई

# मारपीट व नाक काटने की वारदात का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** फलोदी जिले के देचू थाना पुलिस ने नाक काटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी महिला का पूर्व पति है।

जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को भगवती जाट निवासी नायसरा कलाऊ ने रिपोर्ट पेश की थी। इसमें उसने बताया था कि वह और उनके पति उम राम अपने गांव कलाऊ से चांदन ट्यूबवेल पर जा रहे थे। रास्ते में कार से तीन-चार व्यक्ति आए और उनकी बाइक को रुकवाकर उनके पति को बाइक से नीचे उतरकर उनके नाक और होंठ काटकर साथ ले गए। मामला दर्ज करने के बाद थानाधिकारी हनुवंत सिंह के नेतृत्व में टीम ने मामले की छानबीन शुरू की। आसपास की जगह और रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। तकनीकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस ने मामले में तिलोक राम पुत्र भीखाराम जाट निवासी सांवल नगर आमला थाना फलोदी, गिरधारी जाट निवासी रामदेव नगर और भगवान राम जाट निवासी रुपाणा पुलिस थाना फलोदी को गिरफ्तार किया।

# 'नए मेला मैदान में निःशुल्क भूमि उपलब्ध होगी'

**अजमेर, (कासं)।** श्री पुष्कर पशु मेला-2024 के दौरान पशुपालकों के लिए सरकार द्वारा नए मेला मैदान में निःशुल्क भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पशुपालकों के लिए पशुपालन विभाग द्वारा व्यवस्थाएं की जा रही है।

# कॉस्मेटिक की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान

## समय रहते मकान में मौजूद लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया, जनहानि टली

**कोटा, (निसं)।** छावनी इलाके के रामचंद्रपुरा में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक ब्यूटी कॉस्मेटिक की दुकान में भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने दुकान में लगी आग की सूचना निगम की अग्निशमन विभाग को दी। आग की सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की चार दमकलें मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

जानकारी के अनुसार दुकान में लगी आग से करीब तीन लाख रुपए नगद और लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। प्रथम दृष्ट्या से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बतया जा रहा है। सोमवार सुबह 8.30 बजे करीब छावनी रामचंद्रपुरा में स्थित श्रृंगार ब्यूटी कॉस्मेटिक की दुकान के अंदर से धुएं का गुबार लोगों को उठता दिखाई दिया। इसके बाद लोगों को पता चला कि दुकान में आग लग गई है। स्थानीय लोगों की मदद से दुकान के शटर का ताला तोड़ा गया और आग की सूचना पुलिस व अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना पाते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की दमकल मौके पर पहुंची।

अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि छावनी इलाके के रामचंद्रपुरा में जैन मंदिर के समीप एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली सूचना मिलते ही चार दमकलें मौके पर भेज दी गई अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि रामचंद्रपुरा में इकबाल भाई की दुकान और मकान है, मकान के ग्राउंड फ्लोर पर श्रृंगार ब्यूटी कॉस्मेटिक की दुकान है, जिसमें आग लगी है। समय रहते मकान में मौजूद लोगों को सकुशल बाहर निकाल लिया गया करीब पांच दमकलें की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आने से दुकान में रखी एक बाइक भी जलकर खाक हो गई। राकेश व्यास से बताया कि प्रथमदृष्ट्या से आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट सामने आया है। करीब 3 लाख रुपए नगद और लाखों का सामान आग की चपेट में आने से नुकसान हुआ है।

- आग की सूचना पर अग्निशमन विभाग की चार दमकलें मौके पर पहुंची और काबू पाया
- करीब 3 लाख नगद और लाखों का सामान आग की चपेट में आया

# आगजनी से लाखों का सामना जला

**धोरीमन्ना/जालोर, (निसं)।** धोरीमन्ना बाजार में रविवार रात्रि करीबन एक बजे के आसपास भीषण अग्निकांड हो गया। आग से लाखों रुपये का सामान जल गया।

जानकारी के अनुसार शिवम सैनिटरी एंड हार्डवेयर सोहनलाल पुत्र जलाराम भादू दस साल से बाडमेर रोड नया बाजार के पास अपना व्यापार करते थे। सोहनलाल ने बताया कि दस सालों से में व्यापार का काम करता हूं और मेरी दुकान में करोडों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। धोरीमन्ना मुख्य चौराहे के पास अग्निकांड हुआ। पंचायत समिति के सामने केबिनों, बैंक ऑफ बडौदा के एटीएम में आग लगी। वहीं पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में आग लगने के साथ हर वर्ष में दीपावली के समय में करीबन सात बार अग्निकांड हो चुका है।

आग पर काबू पाने में पुलिस थानाधिकारी बगडूराम विश्नोई, मुंशी रगाराम, कांस्टेबल जगदीश खोथ, ड्राइवर रेखाराम का सहयोग रहा। धोरीमन्ना के व्यापारियों ने बताया कि धोरीमन्ना एक व्यापार का बड़ा हब है। जैसलमेर से अहमदाबाद जोधपुर से चौहटन एवं बाखासर यातायात के केंद्र है। वहीं सरकार द्वारा नव निर्वाचित नगर पालिका हाल ही में घोषित किया है, लेकिन मूलभूत सुविधाओं से अभी तक वंचित हैं।